# विद्युत लोकपाल
## मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग
## पंचम तल, ''मेट्रो प्लाज़ा'', बिट्टन मार्केट, अरेरा कालोनी, भोपाल

**प्रकरण क्रमांक L00-17/2022**

**मे0 केसर इस्पात लिमिटेड,** **आवेदक / अपीलार्थी**
द्वारा डायरेक्टर – श्री सौरभ चन्द्र जैन,
प्लॉट क्र. 619–621, सेक्टर – 3,
पीथमपुर, जिला – धार (म0प्र0)

**विरूद्ध**

**अधीक्षण यंत्री (संचा./संधा.)संभाग,**
मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड,
जी.पी.एच. कम्पाउण्ड, पोलोग्राउण्ड, इन्दौर (म0प्र0) – 452001

**अनावेदक / प्रति–अपीलार्थी**

**अधीक्षण यंत्री (एच.टी. बिलिंग सेल),**
मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड,
जी.पी.एच. कम्पाउण्ड, पोलोग्राउण्ड, इन्दौर (म0प्र0) – 452001

**आदेश**

**(दिनांक 28.11.2022 को पारित)**

**01.** आवेदक मे0 केसर इस्पात लिमिटेड, द्वारा डायरेक्टर – श्री सौरभ चन्द्र जैन, प्लॉट क्र. 619–621, सेक्टर – 3, पीथमपुर, जिला – धार (म0प्र0) ने अपने लिखित अभ्यावेदन दिनांक 19.09.2022 से विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम इन्दौर एवं उज्जैन क्षेत्र के प्रकरण क्रमांक W0 506822 दिनांक 18.04.2022 से असंतुष्ट एवं असहमत होने के कारण अपील अंतर्गत धारा 42(6) विद्युत अधिनियम 2003 प्रस्तुत की है जो दिनांक 20.09.2022 को इस कार्यालय में प्राप्त होकर प्रकरण क्रमांक एल00–17/2022 पर दर्ज की गई है ।

02. <u>प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य :</u>

**APPEAL / REPRESENTATION AGGRIEVED BY ORDER DATED 18/04/2022 PASSED BY ELECTRICITY FORUM, INDORE IN CASE NO. WO506822.**

**IN THE MATTER OF APPLICATION FOR REVISION OF BILLS FOR THE PERIOD FROM 22/04/2021 TO 20/05/2021 AS PER CLAUSE 11.2 OF M.P. ELECTRICITY SUPPLY CODE, 2013 AND REFUND OF EXCESS AMOUNT RECOVERED.**

**IMPUGNED ORDER :-**

The present Appeal / Representation challenges the order dated 18/04/2022 (annexed as **Annexure A-1**) passed Electricity Forum Indore.

The Applicant humbly submit as under :-

**1) Facts : -**

1.1 That, the Applicant has obtained Industrial HT Connection on 33 KV supply voltage having Contract Demand of 3700 KVA (at present 7100 KVA) on dated 18/05/2015.

1.2 That, the applicant consumer is engaged in the business activities of melting Iron, iron ore, sponge iron and also other ferrous and non-ferrous metal their substance and their ores by setting up Furnaces including electrical furnaces, Arc furnaces, induction furnaces and other furnaces to manufacture plate , flat, Billets, ingots, tore, bar, rods. Pipes, wire, channels, angles, beams, M.S. pipes, G.I pipes and other long and flat Steel products including Hot and Cold steel strips, Corrugated and plain Sheets and galvanized them, set up rolling mills, foundries, and to act as manufactures, processors, job workers, refiners, smelters, makers, converters, finisher, importers, exporter, metallurgists, Galvanizers, machinists, welders, agents, merchants, Mine owners, buyers, sellers and dealers of Iron and Steel and to act as Iron and Steel makers and to manufacture and deal in Leaf Spring and other steel products including their by products.

1.3 That, the applicant is regular in making payment of monthly electricity bills without fail.

1.4 That, in the industrial activity of applicant unit, oxygen is the basic requirement for production of M S billet. It is also use in the process of billet cutting, transfer hot

metal from ladle to CCM machine cutting of scrape and also in regular maintenance job etc.

1.5 That, from March 2020 the citizens of the country are facing critical situation under the threat of Covid-19 – Corona Virus Pandemic which has spread all over causing casualties. The Central and State Government have also taken Majeures to protect the citizen from the pandemic by taking Majeures including various restrictions, prohibition apart from imposing lockdown from time to time.

1.6 That, in view of the fetal circumstances created due to spread of the Corona Virus the requirement of Oxygen cylinders had increased and was paramount for saving the life of citizens suffering from the said pandemic. In this regards Collector District Dhar issued order No. 679/PA/2021 dated 10/04/2021 (**Annexure A-2**) directing that the Oxygen cylinders available in the industries are very essential for Government and Private Hospitals and all the Oxygen cylinders available are acquired by the Government with further direction to all industrial units to handover their oxygen cylinder to the team of District Administration Immediately with further direction that, the said acquired / seized oxygen cylinders would be returned after the circumstances of Covid-19 are normalized. This direction was issued to manage the medical emergency arisen due to Covid-19 Pandemic.

1.7 That, in compliance of Collectors order dated 10/04/2021 the Applicant's oxygen cylinder were taken over by the team of District Administration. And the said Oxygen cylinders were subsequently returned to the applicant unit. Applicant crave Leave to submit the supporting documents for consideration of Hon'ble Forum.

1.8 That, the applicant submitted application dated 22/04/2021 intimating closure of applicant unit under Force Majeure condition given due to Collector's order dated 10/04/2021 and requested for Electricity load reduction from 4000 KVA to 200 KVA. Copy of application is annexed as **Annexure A-3.**

1.9 That, the applicant further submitted application dated 26/04/2021 (**Annexure A-4**) reiterating the said application submitted on 22/04/2021.

1.10 That, the Government of India, Ministry of Home Affairs by order dated 22/04/2021 and 25/04/2021 has reviewed the situation of oxygen supply and restricted its industrial use for ensuring availability of adequate and uninterrupted supply of oxygen across the country. Copy of order dated 25/04/2021 annexed as **Annexure A-5**

1.11 That, applicant submitted intimation dated 19/05/2021to non-applicant for restart of the plant and utilization of power from 20'May'2021 (**Annexure A-6**).

1.12 That, the respondent was required to raise electricity bill by taking contract demand of 200 KVA in place of 400 KVA as per Force Majeure Clause. But the non-applicant have raised bills by taking contract demand of 400 KVA despite knowing the Force Majeure conditions imposed beyond control of applicant. Copy of Bill for the month of April'2021 to July'2021 are annexed as **Annexure A-7 collectively**.

1.13 That, the applicant also submitted reminder Email letter's dated 04/06/2021, 12/06/2021 (**Annexure A-8 and A-9 Respectively**) requesting to grant relief as per Force Majeure Clause but respondent neither replied to any of the application submitted by the applicant consumer nor granted the relief.

1.14 That, the respondent is required to act in compliance of the provisions of Clause 11.2 of the M.P. Electricity Supply Code. The Clause reads as under :-

> **"Clause 11.2 :-**
> **If at any time during the continuance of the agreement between the licensee and the consumer, if the use of electricity is not possible fully or partially by the consumer due to Force Majeure conditions such as war, mutiny, civil commotion, riot, terrorist attack, flood, fire, strike (subject to certification by Labour Commissioner), lockout (subject to certification by Labour Commissioner), cyclone, tempest, lightning, earthquake, act of God, act of Central/State Government, etc. which are beyond the control of the consumer, he may, on giving 7 clear days notice in writing to the licensee, about such a situation, take a reduced supply of power as may be necessary and feasible within permissible limits of contract demand at relevant voltage levels. In all cases where the consumer claims Force Majeure conditions, the licensee's authorised representative shall verify the same. Such a facility shall be available to the consumer only if the period of reduced supply is for a minimum continuous period of 10 days and up to a maximum of six months. The aforesaid period of reduced supply shall not be counted towards the initial period specified in the agreement and the initial period of agreement shall be extended for a further period equal to the period of reduced supply. There is no restriction on number of times of such facility availed by the consumer subject to maximum period of total six months of all such occasions."**

1.15 That, as per above provision the respondent is required to revise the bill from 22/04/2021 to 20/05/2021 by taking contract demand of 200 KVA and is required to refund the excess amount recovered in violation of Tariff Order along with interest till the date of refund as the applicant is deprived from use of said amount and the respondent have enjoyed that amount.

1.16 That, earlier in first wave of Covid-19 respondent allowed Force Majure reduction of Contract Demand up to 200 KVA from 01/04/2020 to 05/05/2020 as per their letter dated 22/05/2020 (**Annexure A-10**). But have recovered the amount of surcharge Rs.5,93,145/- (for the period April'2020 to July'2020) on higher Contract Demand without applying Force Majure condition allowed as per their own letter dated 22/5/2020. Respondent has not filed any response in this regard.

1.17 That, earlier also during the circumstances created in the first wave of Covid-19, the applicant similarly applied for reduction for contract demand and billing to be made at lower contract demand. However, the respondent have illegally collected the surcharge amount of Rs. 5,93,145/- for the period from April-2020 to July-2020 in violation of Tariff Order which deserves to be refunded along with interest till the date of refund as the applicant is deprived from use of said amount and the respondent have enjoyed that amount.

1.18 That, appellant filed Complaint Case No. WO605822 raising above grievance before Electricity Forum, Indore. Copy of Complaint is annexed as **Annexure A-11**.

1.19 That, the respondents filed replies dated 15/03/202 and 28/03/2022 and opposed the application before the Forum. Copy of replies dated 15/03/2022 and 28/03/2022 are annexed as **Annexure A-12 & A-13 respectively**.

1.20 That, the appellant has submitted rejoinder adverting to the reply contentions of respondents. A copy of rejoinder is annexed as **Annexure A-14**.

1.21. That respondent has filed two replies but avoided to comment on grounds raised by applicant for revision of bills. The submissions made on erroneous reading of Tariff order are denied.

1.22 That, respondent has produced load survey report on 28/03/2022 before the Forum. As per said report of respondents the details of maximum demand recorded is as under:

| Date | MD KVA | MF | Recorded MD |
|---|---|---|---|
| 30/04/2021 | 1 | 120 | 120.00 |
| 01/05/2021 | 1.12 | 120 | 134.40 |
| 02/05/2021 | 0.96 | 120 | 115.20 |
| 03/05/2021 | 0.80 | 120 | 96.00 |
| 04/05/2021 | 0.80 | 120 | 96.00 |
| 05/05/2021 | 0.80 | 120 | 96.00 |
| 06/05/2021 | 0.76 | 120 | 91.20 |
| 07/05/2021 | 0.84 | 120 | 100.80 |
| 08/05/2021 | 0.52 | 120 | 62.40 |
| 09/05/2021 | 0.44 | 120 | 52.80 |
| 10/05/2021 | 0.72 | 120 | 86.40 |
| 11/05/2021 | 0.72 | 120 | 86.40 |
| 12/05/2021 | 0.88 | 120 | 105.60 |
| 13/05/2021 | 0.84 | 120 | 100.80 |
| 14/05/2021 | 0.84 | 120 | 100.80 |
| 15/05/2021 | 0.80 | 120 | 96.00 |
| 16/05/2021 | 0.88 | 120 | 105.60 |
| 17/05/2021 | 0.96 | 120 | 115.20 |
| 18/05/2021 | 1.04 | 120 | 124.80 |
| 19/05/2021 | 1.12 | 120 | 134.40 |

As per above details submitted by respondent the maximum demand has not exceeded according to contract demand of 200 KV.

1.23 That, respondent is required to raise bill as under:

i. 24/04/2021 to 29/04/2021 Full MD for notice period

ii. 30/04/2021 to 19/5/2021 Reduced MD of 200KVA (excluding notice period from 24/04/2021 to 29/04/2021 as per Clause 11).

iii. 20/05/2021 to 23/05/2021 Full MD as per applicant’s letter dated 19/05/2021

1.24 That, the applicants maximum demand (MD) did not go beyond reduced contract demand during the period for which relief is claimed from 30/04/2021 to 19/05/2021 excluding 7 days notice period. Therefore, submission in Para 4 reply dated 28/03/2022 is false as such denied.

1.25 That, the respondents letter dated 08/05/2020, 13/05/2020 and 18/05/2021 mentioned in the reply has no force of law. The said letters are merely administrative letters of Internal Communication of respondent and cannot supersede the provision of law contained in Clause 11 of M.P. Electricity Supply Code, 2013. The letters of respondent

are issued without any authority of law and as such are illegal and without jurisdiction and or of no help to the respondent.

1.26 That, petitioner is entitled for relief under Force Majure Clause due to act of Government which is beyond control of applicant consumer as per Clause 11 of M.P. Electricity Supply Code.

1.27 That, the respondents have acted against the provisions of law and against the tariff order as stated above and therefore are liable to revise the Electricity Bill at least from the period 30/04/2021 to 19/05/2021 by taking Contract demand of 200 KVA in place of 4000 KVA under Force Majeure conditions beyond control of applicant and liable to refund amount of surcharge illegally recovered for the period from April'2020 to July'2020 and also liable to pay interest on the excess amount recovered in violation of Tariff Order and in compliance of Section 62 (6) of Electricity Act, 2003.

1.28 That, the Forum has passed order whereby, the complaint has not been allowed. The order passed by Forum is contrary to record, documents and provisions of the Supply Code and notification of State Government issued by District Collector.

1.29 That, there is no outstanding amount against appellant. The Forum has also not determined any liability against appellant. On the other hand, the respondent is enjoying the excess amount recovered from consumer which is liable to be refunded.

1.30 Hence present representation / appeal is being filed on following grounds :-

## 2. **GROUNDS URGED:**

2.1 Because, the respondent has acted invoilation of Clause 11.2 of M.P. Electricity Supply Code, 2013.

2.2 Because, the respondent has recovered excess Tariff Charges in violation of Tariff Order of MPERC.

2.3 Because, Forum has not considered the orders of State Government and Central Government and acted arbitrarily and illegally.

2.4 Because, respondent is liable to refund the excess amount recovered along with interest as per Section 62 (6) of Electricity Act, 2003.

2.5 Because, the applicant invoked Force Majeure conditions under Clause 11.2 of Supply Code due to circumstances beyond his control and for no fault of on the part of the Applicant.

2.6 Because, Forum has relied on letter dated 18/05/2021 of Superintending Engineer (Commercial) which has no force of law.

2.7 Because, Forum has not considered that during period of April'2020 to July'2020, respondent allowed reduced contract demand under Force Majure Clause but recovered surcharge of Rs.5,93,145/- by allegation of delay in payment which is illegal.

2.8 Because, the Covid-19 Lockdown was imposed on 22/03/2020. Bill of March-2020 was due on 12/04/2020 which could not be paid due to Lockdown and as per State Government Circulars the installment facility was to be given and if said Circular is applied there was no delay in payment during April-2020 to July-2020.

2.9 Because, Forum has not applied Clause 11.2 of M.P. Electricity Supply Code and relied on respondent's letter dated 18/05/2021 which is illegal.

2.10 Because, Forum has not considered the grounds raised in the application & rejoinder in right perspective.

2.11 Because, the action of respondent is arbitrary, harsh, illegal, unconstitutional and contrary to principles of natural justice.

3. **RELIEF PRAYED FOR:**

The Applicant prays for the following relief's: -

(i) That, this representation / appeal may kindly be allowed & Forum order dated 18/04/2022 be set aside.

(ii) That the respondent be directed to revise the Electricity Bill from the period 22/04/2021 to 20/05/2021 by taking Contract demand of 200 KVA in place of 4000 KVA under Force Majeure conditions as per Clause 11.2 of M.P. Electricity Supply Code beyond control of applicant.

(iii)That, respondent be directed to refund amount of surcharge Rs.5,93,145/- illegally recovered for the period from April-2020 To July-2020.

(iv)That, the respondent be directed to pay interest on the excess amount recovered in violation of Tariff Order and in compliance of Section 62 (6) of Electricity Act, 2003.

(v) Such other orders as deemed fit may also be passed in favour of applicant.

**03.** प्रकरण को क्रमांक एल.00–17 / 2022 पर दर्ज करने के बाद उभयपक्षों को लिखित नोटिस जारी करते हुए प्रथम सुनवाई दिनांक 09.11.2022 नियत की गई ।

❖ प्रथम सुनवाई दिनांक 09.11.2022 को आवेदक की ओर से आवेदक अधिवक्ता श्री धीरज सिंह पंवार तथा अनावेदक कम्पनी की ओर से श्री अलिन्द देशपाण्डे, कार्यपालन यंत्री उपस्थित । सुनवाई के दौरान अनावेदक कम्पनी की ओर से उपस्थित कार्यपालन यंत्री द्वारा लिखित जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसे रिकार्ड में लिया गया तथा जिसकी एक प्रति आवेदक अधिवक्ता को दी गई । प्रस्तुत जवाब निम्नानुसार है :–

***"It, is most respectfully submitted on behalf of the humble respondent as unders :-***

*1. The basic facts of the case are that, the applicant submitted its application before the Hon'ble Ombudsman the appeal of the applicant has been rejected by the Hon'ble Ombudsman on the ground of delay*

*2 The applicant should have been filed the appeal against the order of the Hon'ble forum within the specified time lumit as mentioned by the Hon'ble Ombudsman in its order dated 28.09.2022.*

*3. That the Hon'ble Forum had given its order in Case No. WO 506822 on dated 18.04.2022 after that the applicant has not filed its appeal against the order of the Hon'ble Forum before the Hon'ble Ombudsman.*

*4. The Hon'ble Ombudsman in its onder held as under* ***"उक्त प्रावधान से स्पष्ट है कि विद्युत लोकपाल को 60 + 60 अर्थात् कुल 120 दिवस के विलंब की सीमा तक ही अभ्यावेदन स्वीकार करने का अधिकार है, इससे अधिक विलंब होने पर अभ्यावेदन स्वीकार करने के लिए विद्युत लोकपाल को कोई अधिकार नहीं दिया गया है, अतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के क्षेत्राधिकार में नहीं होने से इसको स्वीकार नहीं किया जा सकता है ।"***

*5. Since the order of the Hon'ble Forum had been given on 18.04.2022 and the applicant is filing its appeal after 120 days hence the appeal should be rejected on the limitation ground.*

*6. That the answering respondent further craves leave to refer and rely upon the order of the Hon'ble Ombudsman dated 28.09.2022 which is marked as Annexure-A.*

*7. The humble answering respondent submits that as per the rules the applicant has not filed its appeal/application within the specified time frame. Hence the appeal/application of the applicant is not maintanable under the prevailing rules*

*5. That, in view of the aforesaid judgment its is crystal clear that the application is being filed by the applicant after the sepecified time limit and is not maintanable.*

***PRAYER :-***

1. *It is therefore, prayed that the application filed by the applicant may kindly be dismissed.*
2. *any other order which this Hon'ble Ombudsman may deem fit to protect the interest of the answering respondent may kindly be passed."*

सुनवाई के दौरान आवेदक अधिवक्ता द्वारा मौखिक कथन प्रस्तुत किए गए, जो निम्नानुसार है :–

**उक्त प्रकरण के संबंध में आवेदक अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्य :**

01. आवेदक ने अपने कथन प्रस्तुत किए, जिसमें ए.डी.एम. इन्दौर के आदेश क्रमांक 679 दिनांक 10.04.2021 एवं केन्द्र सरकार के आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2021 के अनुसार औद्योगिक प्रयोजन हेतु आक्सीजन का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया था । चूंकि आवेदक का उद्योग आक्सीजन के बिना चलना संभव नहीं है, अतः केन्द्र एवं मध्यप्रदेश शासन के अनुसार उत्पादन बन्द किया गया जो कि फोर्स मेजर के अन्तर्गत आता है ।
02. उपरोक्त आधार पर ही दिनांक 30.04.2021 से 19.05.2021 तक भार 4000 केवीए से 200 केवीए कर कम मांग पर बिलिंग किए जाना था जो कि नहीं की गई, अतः अंतर की राशि ब्याज सहित वापस की जाए ।
03. इसी प्रकार शासन के निर्देशानुसार अप्रैल 2020 से जुलाई 2020 तक बिलों पर लगा सरचार्ज की वापसी भी की जाए । आवेदक इस संबंध में शासन का कोई भी आदेश प्रस्तुत नहीं कर सका । अगली सुनवाई में म0प्र0 शासन द्वारा जारी आदेश प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया ।
04. आवेदक ने यह भी बताया कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 62(6) के अनुसार वापसी योग्य राशि ब्याज सहित लौटाई जाना चाहिए ।

**अनावेदक प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत तथ्य :**

अनावेदक ने अपने पक्ष में प्रत्युत्तर क्रमांक 8190 दिनांक 09.11.2022 प्रस्तुत किया, जिसको रिकार्ड में लिया गया तथा जिसकी एक प्रति आवेदक अधिवक्ता को दी गई ।

01. अनावेदक ने अपने उत्तर में अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए यह कहा कि आवेदक की अपील समय–अवधि के बाद प्रस्तुत की है, अतः नियमानुसार ग्राह्य करने योग्य नहीं है । इस संबंध में आवेदक द्वारा तर्क दिया गया कि चूंकि आवेदक को फोरम के प्रमाणित निर्णय की प्रति देरी से प्राप्त हुई है, जिसके उपरान्त निर्धारित समय अवधि में अपील दर्ज की है, अतः अपील ग्राह्य करने योग्य है ।

02. प्रकरण में अनावेदक को 22.04.2021 से 20.05.2021 तक की एम.आर.आई. रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही साथ अप्रैल 2020 से जुलाई 2020 के सरचार्ज के संबंध में शासन के निर्देश की प्रति प्रस्तुत करने हेतु भी निर्देशित किया गया है ।

उभयपक्षों की अनुमति से प्रकरण में अगली सुनवाई दिनांक 24.11.2022 नियत की गई ।

❖ सुनवाई दिनांक 24.11.2022 को आवेदक की ओर से आवेदक अधिवक्ता श्री धीरज सिंह पंवार तथा अनावेदक कम्पनी की ओर से श्री अलिन्द देशपाण्डे, कार्यपालन यंत्री उपस्थित ।
सुनवाई के दौरान आवेदक अधिवक्ता द्वारा अतिरिक्त जानकारी प्रस्तुत की, जिसकी एक प्रति अनावेदक को दी गई । अतिरिक्त जानकारी निम्नानुसार है :–

*"The Applicant humbly submit as under:-*

*1. That, the applicant has filed claim for refund of amount of surcharge of Rs.5,93,145/- of the period of April'2020 to July'2020.*

*2. That, during Covid-19 Pandemic the payment of Energy Bills was to be recovered as per Government Circulars dated 02/06/2020 and 05/06/2020. Copy of said circulars and respondent circular dated 08/06/2020 are annexed as **<u>Annexure A-17, A-18 and A-19 respectively</u>**.*

*3. That, as per the Government of M.P. Circular the payment during aforesaid period was deferred and on non-payment of the deferred amount, the surcharge was not payable.*

*4. That, if the bills payment of the aforesaid period is processed and the bills are revised / recalculated as per above circulars then no liability of surcharge could have arisen*

*and the respondents have therefore, illegally recovered the surcharge which deserves to be refunded along with interest as per Prayer Clause No. iii and iv of the Appeal.*

5. *That, the present submissions along with annexed documents may kindly taken on record."*

01. आवेदक ने अधिकृत सरचार्ज लाभ के संबंध में जो उर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन का पत्र क्रमांक 3349 दिनांक 02 जून 2020 प्रस्तुत किया है उसमें किसी प्रकार की सरचार्ज में छूट के संबंध में निर्देश होना नहीं पाया गया है ।

02. आवेदक ने माह अप्रैल, मई और जून 2021 के बिलों में सरचार्ज के संबंध में प्रश्न उठाया तो अनावेदक को उस समय बिलों का स्पष्टीकरण देने एवं यदि कोई त्रुटि हुई हो तो सुधार करने हेतु निर्देशित किया जाए ।

03. आवेदक ने यह कहा कि उसने फोर्स मेजर का लाभ लेने हेतु दिनांक 22.04.2021 को आवेदन किया था । नियमानुसार एक सप्ताह पूर्व आवेदन दिया जाना चाहिए । आवेदक ने दिनांक 29.04.2021 से अपने भार फोर्स मेजर के तहत की गई संविदा मांग के अंदर रखा एवं दिनांक 30.04.2021 से 19.05.2021 तक मांग की गई संविदा मांग 200 के.वी.ए. के अंदर ही उपयोग रखा। आवेदक फोर्स मेजर की शर्तो को पूर्ण करता है, अतः उस अवधि की बिलिंग 200 के.वी.ए. संविदा मांग के आधार पर ही की जाना चाहिए ।

अनावेदक से पूछा गया कि क्या कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश इस उपभोक्ता विशेष के परिप्रेक्ष्य में फोर्स मेजर की परिधि में आते हैं तो उन्होंने इस संबंध में सहमति जताई ।

उभयपक्षों को पूर्ण संतुष्टि तक सुना एवं दस्तावेज/तथ्य/कथन प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया । उभयपक्षों द्वारा बताया गया कि इसके अतिरिक्त प्रकरण में आगे कोई और कथन नहीं किया जाना है न ही कोई अतिरिक्त दस्तावेज/जानकारी प्रस्तुत की जानी है, अतः प्रकरण में सुनवाई समाप्त करते हुए प्रकरण आदेश हेतु सुरक्षित किया गया ।

**04.** उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत कथनों, दस्तावेजों/साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण के निर्विवादित तथ्य निम्नानुसार है :-

01. आवेदक को फोरम के निर्णय की प्रति देरी से प्राप्त हुई एवं प्राप्ति से निश्चित समयावधि में अपील प्रस्तुत की गई है ।

02. आवेदक मेसर्स केसर इस्पात लिमिटेड ने दिनांक 18.05.2015 को 3700 केवीए संविदा मांग हेतु 33 केवी वोल्टेज पर उच्चदाब कनेक्शन दिनांक 18.05.2015 को प्राप्त किया था जिसकी वर्तमान में संविदा मांग 7100 केवीए हैं ।

03. उक्त कनेक्शन का उपयोग लोहा, उसके अयस्क को फर्नेस में पिघलाकर विभिन्न उत्पाद (Manufactury of plate, flat, Billets, Ingots, dore, bar, rods, pipes, wire, chhanels, Angles, beans, M.S. pipes, G-I pipes and other steel products) तैयार करने हेतु किया जाता है ।

04. उपरोक्त उत्पादों को तैयार करने हेतु आक्सीजन की प्रमुख रूप से आवश्यकता होती है एवं उसके बिना उक्त उत्पाद तैयार नहीं किए जा सकते ।

05. कोविड़ – 19 महामारी की प्रथम लहर मार्च 2020 में एवं द्वितीय लहर मार्च 2021 में आयी थी ।

06. द्वितीय लहर में प्रभावी इलाज एवं इस हेतु आक्सीजन की कमी को देखते हुए आक्सीजन के औद्योगिक उपयोग पर केन्द्र शासन/प्रदेश शासन/जिला प्रशासन ने कुछ अवधि हेतु पाबंदी लगाई थी जिसके कारण आवेदक के यहां के आक्सीजन सिलेन्डर अधिग्रहण करने के आदेश कलेक्टर धार द्वारा दिनांक 10.04.2021 को जारी किए गए थे ।

07. आवेदक ने उपरोक्त फोर्स मेजर की परिस्थिति में विद्युत का उपयोग नहीं कर पाने की स्थिति में दिनांक 22.04.2021 को अनावेदक को संविदा मांग 4000 केवीए के स्थान पर 200 केवीए करने हेतु नोटिस विद्युत प्रदाय संहिता 2013/2021 की कंडिका क्र. 11.2 के प्रावधानों के अनुसार दिया था एवं स्मरण पत्र दिनांक 26.04.2021 को प्रेषित किया था ।

08. विद्युत प्रदाय संहिता 2013/2021 की कंडिका क्रमांक 11.2 में निम्नानुसार प्रावधान है :–

*''11.2. यदि अनुज्ञप्तिधारी एवं उपभोक्ता के मध्य किये गये किसी अनुबंध के चालू रहते किसी भी समय, उपभोक्ता द्वारा विद्युत का उपयोग, किसी भी समय विशेष आकस्मिक परिस्थितियों, जैसे कि युद्ध, सैनिक विद्रोह, गृहयुद्ध, दंगे, आतंकवादी हमले, बाढ़, अग्निकाण्ड, हड़ताल (श्रम आयुक्त द्वारा प्रमाणित किये जाने के अध्यधीन), तालाबंदी (श्रम आयुक्त द्वारा प्रमाणित किये जाने के अध्यधीन), तूफान, झंझावत, तड़ित, भूकंप या दैवीय प्रकोप, केन्द्र/राज्य सरकार की कतिपय कार्यवाही, आदि जो उपभोक्ताओं के नियंत्रण में नहीं है, के कारण पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से संभव न हो पाये तो उपभोक्ता ऐसी परिस्थिति के बारे में अनुज्ञप्तिधारी को 7 पूर्ण दिवस की लिखित सूचना देकर, सुसंबद्ध वोल्टेज स्तर पर संविदा मांग की आवश्यक एवं शक्य अनुमत सीमा में घटाई गयी मात्रा में विद्युत प्रदाय प्राप्त कर सकेगा। ऐसे समस्त*

*प्रकरणों में जहां उपभोक्ता विशेष आकस्मिक परिस्थितियों से संबंधित कोई दावा करता हो, वहां अनुज्ञप्तिधारी का प्राधिकृत प्रतिनिधि इसका सत्यापन करेगा। उपभोक्ता को इस प्रकार की सुविधा केवल उसी दशा में उपलब्ध होगी यदि घटाई गई विद्युत प्रदाय की मात्रा न्यूनतम दस निरन्तर दिवस तथा अधिकतम छः माह के लिये हो। उपरोक्त घटायी गई विद्युत प्रदाय की अवधि को किसी अनुबंध हेतु उपभोक्ता के प्रारंभिक अनुबंधकाल में शामिल नहीं किया जाएगा बल्कि अनुबंध को इस कम मात्रा की कालावधि की बराबर अवधि के लिये आगे बढ़ा दिया जाएगा। इस प्रकार की सुविधा के बारे में जिसका उपभोक्ता द्वारा लाभ उठाया जाएगा, की संख्या के बारे में कोई प्रतिबन्ध नहीं है परन्तु इसकी कालावधि ऐसे समस्त अवसरों के लिये अधिकतम कुल छः माह के अध्यधीन होगी।''*

09. आवेदक ने दिनांक 19.05.2021 को सामान्य विद्युत प्रदाय का उपयोग दिनांक 20.05.2021 से करने हेतु अनावेदक को सूचित किया था ।
10. आवेदक ने फोर्स मेजर की स्थिति के लाभ की मांग 30.04.2021 से 19.05.2021 की अवधि हेतु घटी हुई संविदा मांग 200 केवीए पर करने हेतु की है एवं उक्त अवधि में अधिकतम मांग 200 केवीए से अधिक नहीं रही है जो कि अनावेदक द्वारा प्रस्तुत लोड सर्वे से सत्यापित हो रही है ।
11. अनावेदक ने आवेदक की फोर्स मेजर की स्थिति में राहत प्राप्त करने (अस्थाई रूप से संविदा मांग घटाकर 200 केवीए पर बिल करने) के आवेदन पर विधि सम्मत उत्तर नहीं दिया ना ही कार्यवाही की ।
12. अनावेदक ने उक्त परिस्थिति विद्युत प्रदाय संहिता 2013/2021 के अनुसार फोर्स मेजर की परिधि में न होने संबंधी कोई भी तथ्य प्रस्तुत नहीं किया ।

**05.** उभयपक्षों द्वारा किए गए कथनों तथा प्रस्तुत दस्तावेजों/साक्ष्यों की स्थापित विधि एवं नियमों/विनियमों के प्रकाश में विवेचना से निम्न तथ्य प्राप्त होते हैं :–

i) आवेदक 33 केवीए वोल्टेज पर उच्चदाब उपभोक्ता है एवं कनेक्शन का उपयोग लोहा/अयस्क को पिघलाकर उससे विभिन्न उत्पाद बनाता है जिसमें आक्सीजन प्रमुख रूप से आवश्यक हैं ।

ii) कोरोना की दूसरी लहर मार्च 2021 में आई थी जिसमें प्रभावी इलाज/स्वास्थ्य उपचार हेतु आक्सीजन सिलेण्डर की कमी हो गई थी ।

iii) राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर जिला धार ने आदेश क्रमांक 680 दिनांक 10.04.2021 से औद्योगिक इकाईयों को आक्सीजन सिलेण्डर प्रशासन की टीम को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया था । साथ ही केन्द्र सरकार ने भी उनके आदेश 40 दिनांक 22.04.2021 सहपठित आदेश 40 दिनांक 25.04.2021 से आक्सीजन के औद्योगिक उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था ।

iv) उपरोक्त परिस्थिति फोर्स मेजर की श्रेणी में आती है जब केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा आक्सीजन के औद्योगिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही आक्सीजन के सिलेंडर शासन को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया था ।

v) आवेदक ने दिनांक 22.04.2021 को फोर्स मेजर के तहत संविदा मांग 200 केवीए करने हेतु नोटिस दिया था एवं 7 दिवस पश्चात यानि 30.04.2021 से अधिकतम मांग 200 केवीए के अंदर ही रही । दिनांक 19.05.2021 को आवेदक ने दिनांक 20.05.2021 से सामान्य विद्युत प्रदाय उपयोग करने हेतु सूचित किया था । उपरोक्त दोनों पत्रों पर अनावेदक ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की ।

vi) आवेदक ने 30.04.2021 से 19.05.2021 तक फोर्स मेजर के तहत घटे हुए भार (संविदा मांग) 200 केवीए की मांग की एवं उक्त अवधि में अधिकतम मांग 200 केवीए के अंदर रही है । अतः फोर्स मेजर की शर्तों को पूरा किया है ।

vii) फोर्स मेजर की स्थिति का निर्धारण लायसेंसी द्वारा जारी आदेशों से किया जाना उचित नहीं है । यह विद्युत प्रदाय संहिता के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है ।

**06.** प्रकरण में की गई उपरोक्त विवेचना तथा प्राप्त तथ्यों एवं निष्कर्षों के आधार पर निम्नानुसार निर्णय पारित किया जाता है :–

i) अपीलार्थी की अपील आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है ।

ii) अनावेदक को निर्देशित किया जाता है कि आवेदक को दिनांक 30.04.2021 से 19.05.2021 तक फोर्स मेजर की स्थिति स्वीकार करते हुए घटी हुई संविदा मांग 200 केवीए के अनुसार बिल पुनरीक्षित कर अंतर की राशि आगामी माह के बिल में समायोजित करें ।

iii) उपरोक्तानुसार अंतर की राशि पर यदि कोई सरचार्ज बिल किया हो तो उसे भी वापस करें ।

iv) शासन के आदेश में अधिभार से छूट का प्रावधान नहीं होने से अप्रैल 2020 से जुलाई 2020 तक देरी से भुगतान पर लगायें गये अधिभार को वापस करने की आवेदक की मांग निरस्त की जाती है ।

**07.** उक्त निर्णय के साथ प्रकरण निर्णित होकर समाप्त होता है । उभयपक्ष प्रकरण में हुआ अपना अपना व्यय स्वयं वहन करेंगे ।

**08.** आदेश की निशुल्क प्रति के साथ उभयपक्ष पृथक रूप से सूचित हों और आदेश की निशुल्क प्रति के साथ फोरम का मूल अभिलेख वापिस हो ।

**विद्युत लोकपाल**